हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 जनवरी 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## परिषद् के लिए भवन निर्माण की मंत्री ने की घोषणा

# नई पीढ़ी को संस्कारवान बना रही भारत विकास परिषद: देवांगन


वार्षिक कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत विकास परिषद् द्वारा हरिमंगलम में आयोजित बैठक और सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है जो स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये उल्लेखनीय कार्य कर रही है। संस्कार योजना के द्वारा बच्चों, युवाओं, परिवार, वरिष्ठ नागरिक के लिए विकास कार्यक्रम चलाती है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना बहुत बड़ी बात है। इससे हमारे समाज में नई चेतना जागृत होगी। इस अवसर पर परिषद् के सदस्यों द्वारा भवन के लिए मांग रखी गई। मंत्री ने जमीन चिन्हित कर जल्द भवन निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पिछली सरकार में व्यापारी वर्ग को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने आस्वास्त किया की भाजपा की साय सरकार हर वर्ग के साथ खड़ी है। मंत्री श्री देवांगन ने बताया की शहर में रेत घाट जल्द शुरु हो जाएंगे, अब किसी को अधिक दर में रेत खरीदने की जरुरत नहीं पड़ेगी।इस अवसर पर परिषद् के नानजी भाई पटेल, अशोक चावलानी, कैलाश वर्मा, भगवति अग्रवाल, मंजू सिंह, महेश गुप्ता , मोहन अग्रवाल , सचिव नरेश अग्रवाल , डी कुदेशिया, डॉक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पांडे समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम सेना घर-घर कर रही सामग्री का वितरण

श्रीराम सेना द्वारा शनिवार को सीतामणी मंदिर से पूजा-अर्चना कर शहर में दीया, बाती, माचिस, हल्दी, चावल, सिक्का, मौली एवं रौली को डिब्बे में पैक कर शहर में भजन-कीर्तन करते हुए लोगों के घर-घर जाकर भेंट किया गया। इसी कड़ी में वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निवास में जाकर श्रीराम सेना द्वारा उक्त सामग्री भेंट की गई। विदित हो कि 22 जनवरी को आयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्टा के दौरान देश के सभी राज्यों के घर-घर में भव्यदीप महोत्सव मनाया जाए जिसके लिए श्रीराम सेना से जुड़े सभी सदस्य सीतामणी से उक्त सामाग्री को लेकर प्रत्येक घरों में वितरण किया जा रहा है और लोगों से अपील कर रहे हैं 22 जनवरी को अपने घरों में दीप प्रज्जवलित कर राममय बनाने आशीष गुप्ता प्रेम मदान अनूप अग्रवाल, राजा गुप्ता, मोनू अग्रवाल, अभिषेक शास्त्री, राहुल चवलानी, वैभव अग्रवाल, संतोष पाल, वीरू पाहूजा, विवेक शुक्ला, शुभम सिंह, विक्रम यादव, अजय सोनी, अजय अग्रवाल, प्रतीक पांडेय, मोहित बतरा, दीपक देवरा सहित अन्य लोगों द्वारा अपील की गई।



## सांई पालकी यात्रा...


कोरबा। साई पालकी यात्रा में शामिल हुए पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

## रेफरी सेमिनार आयोजित

**कोरबा।** एक दिवसीय ज़िला स्तरीय कराते रेफ़री सेमिनार का आयोजन लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी क्यूटी सेंटर में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य कराते संघ से प्रमाणित एवं राष्ट्रीय रेफ़री शिवा निर्मलकार एवं उत्तम निर्मलकार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वर्ल्ड कराते फ़ेडरेशन के एवं साउथ एशियन कराते संघ के नियमों की बारीकियों को बताया गया कोरबा। चयनित रेफरियों में अशोक यादव, ब्रजेश बाजपेयी, देवशीष कश्यप, रिया श्रीवास, ईशा बंजारे शामिल थीं।





# शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण की पाठशाला "इंडस पब्लिक स्कूल दीपका"

## सेल्फ डिफेंस

कहा जा


विद्यालय में विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने हेतु विशेष रूप से जूडो एवं कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय में विद्यार्थी जिला एवं राज्य स्तर पर पदक प्राप्त कर स्वयं एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। आज इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी सेल्फ डिफेंस में महारत हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम अपने छात्रों को विभिन्न अनुभवों के माध्यम से अन्वेषण और प्रयोग करने कि अनुमति देते हैं । विद्यालय में प्रेरित लोगों का एक समूह है जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रत्येक दरवाजे तक शिक्षा पहुँचाना है। हमारा मानना है, स्कूल सिर्फ ईटों और कांक्रीट से बनी ईमारत नहीं बल्कि चरित्र निर्माण कि वो जगह है जहाँ हम समृध्द मन से समग्र शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका की स्थापना समाज में हो रहे बदलावों के जवाब में गुणात्मक सुधार की खोज में कि एक सतत प्रक्रिया शुरू करने के लिए की गई है। हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाता है कि छात्र कि रूचि का स्तर बरकरार रहे और उनकी सहज प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश प्रदान कि जाये। हमारे छात्रों में कौशल विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है और उन्हे स्वयं की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हरिभूमि टीम के द्वारा दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल का भ्रमण किया गया वहाँ की स्वच्छता, एक्टीविटी, स्पोर्टस, पी.टी.एम., साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब, म्युजिक, स्वीमिंग पूल, प्ले गार्डन, शिक्षण का तरीका, शिक्षक की कर्मठता को देखकर निःसंदेह कहा जा सकता है कि इंडस दीपका न केवल क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देता है अपितु वहाँ बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

## नृत्य एवं संगीत प्रशिक्षण

सकता है


विद्यार्थियों को नृत्य एवं संगीत की विभिन्न विधाओं से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पारंगत किया जाता है। आज इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी नृत्य एवं संगीत की विभिन्न विधाओं में पारंगत है। चाहे वह शास्त्रीय संगीत हो या पाश्चात्य संगीत।

## योगा एंड मेडिटेशन


विद्यालय में प्रशिक्षित योग शिक्षक के द्वारा विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान की मुद्रा से भी सतत अवगत कराया जाता है। विद्यार्थियों को जीवन में योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराया जाता है ,ताकि विद्यार्थी स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से हल्का महसूस करें । उनकी रुचि पढ़ाई में और अन्य गतिविधियों में सतत बनी रहे।

## इफेक्टिव टीचिंग मैथड


डॉ. संजय गुप्ता, प्राचार्य, इंडस पब्लिक स्कूल दीपका ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक विषय की डीप टीचिंग की जाती है। पाठ को गहराई से समझाने का प्रयास किया जाता है। प्रत्येक शिक्षक की यह कोशिश होती है कि कोई भी टॉपिक विद्यार्थियों को गहराई से समझ में आ जाए। यहां के शिक्षक विद्यार्थियों को रटना नहीं समझना सिखाते हैं। प्रत्येक विद्यार्थियों को करके सीखने पर जोर दिया जाता है। प्रैक्टिकल टीचिंग एंड लर्निंग यहां की खास बात है। स्पोर्ट्स एक्टिविटी यह तो हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है । अतः विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों जैसे क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, चेस इत्यादि में भी व्यस्त रखा जाता है । यहां विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का भरपूर प्रयास किया जाता है । विद्यार्थियों को प्रत्येक खेल में पारंगत करने का प्रयास किया जाता है।

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6 रेलवे स्टेशन से रात में ऑटो के अलावा कोई यात्री सुविधा नहीं



## खबर संक्षेप

### छात्रों को दी गई मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी

**कोरबा।** श्रीमती ज्योति अग्रवाल अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट के नेतृत्व में बीकन हायर सेकेन्ड्री विद्यालय एसईसी एल कोरबा के बच्चों को मोटर व्हीकल एक्ल एक्ट तथा पास्को साईबर ला विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को इससे होने वाले अपराध तथा दण्ड विधान भी बताया गया। मंच संचालन श्रीमती कल्पना मिश्रा के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमबी गाडलिब के द्वारा बच्चों को बिना लाइसेंस न चलाने को निर्देशित कहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाए सुश्री सी अधिकारी, जीएस पटेल, वायए नाथन, पी बारिक, देवेंद्र पाण्डेय सुदेश सिंह, शान्तनु, सत्यप्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम को गति देने के लिए अहमद तथा केसी पाटील की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर कक्षा नवमी के छात्र कनकेश्वर पटेल को न्यायाधीश महोदय के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

### राजस्व संबंधी प्रकरण हो रहे पेंडिंग

**कोरबा।** भिलाईबाजार उपतहसील कार्यालय में तहसीलदार के कार्यालयीन दिवस को बढ़ाने की मांग की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत गंगदेई सरपंच, सरपंच संघ कटघोरा अध्यक्ष, वार्ड पंच व समाज सेवी प्रदीप जायसवाल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत में लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग उप तहसील कार्यालय पूरी हुई थी। जिसका उद्घाटन 4 अक्टूबर 2023 को हुआ था। वर्तमान समय में तहसीलदार केवल सप्ताह में एक दिन बुधवार को ही कार्यालय में अपनी सेवाएं देते हैं। क्षेत्र एसईसीएल अधिग्रहित एरिया के अंतर्गत आता है। इस वजह से ग्राम पंचायत में किसी न किसी रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण की अधिकता है। सीमांकन, बंटाकन, फौती प्रकरण के साथ-साथ जाति, आमदनी, निवास प्रमाण पत्र के प्रकरणों की संख्या भी काफी अधिक है।

### चलने लगी शीत लहर, बढ़ी ठंडक, पारे में 4 डिग्री गिरावट

**कोरबा।** जिले में कुछ दिनों से बदली छाई रही। शनिवार को मौसम साफ होने और ठंडी हवा चलने की वजह से न्यनूतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। हवा चलने की वजह से एक दिन में न्यनूतम तापमान चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। शनिवार को ठंडी हवाएं भी चली। ठंडी हवा ने लोगों परेशान को किया। ठंड से बचने के लिए लोग दिन में भी गरम कपड़े का सहारा लिया। मौसम विभाग ने देर रात न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री दर्ज किया। दिन में धूप की वजह से अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। ठंड की वजह से शाम के कारोबार पर असर पड़ रहा है।मौसम ठंडक बढ़ने के साथ ही पिकनिक स्पॉट गुलजार होने लगे हैं।

### जेएनवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलोरा में की जागरुकता रैली

**कोरबा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी यूनिट के कैडेट ने ग्राम सलोरा में रैली निकालकर सिकलीन जागरुकता का संदेश दिया। विद्यालय में बच्चों के बीच कार्यक्रम में कैडेट अनोखी पाटले ने थैलीसीमिया व कैडेट आदित्य नायक ने सिकल सेल बीमारी से संबंधित जानकारी दी। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी रीतेश भोंसले ने भी कैडेट्स को इन दोनों बीमारियों के दुष्परिणाम और बचाव के उपाय बताए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में बटालियन कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल पी चौधरी, विद्यालय की प्राचार्य शशांति मोहंती के साथ हवलदार विजेंदर सिंह, इंद्रा सिंग व विद्यालय एनसीसी अधिकारी रीतेश भोंसले का विशेष योगदान रहा।

# अवैध धान बिक्री के मामले में कोरबा छत्तीसगढ़ में पहले पायदान पर

## अब तक 47 मामले धान के अवैध बिक्री के मामले हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एक तरफ धान खरीदी चल रही है, वहीं दूसरी तरफ धान की अवैध विक्री के मामले भी पकड़ में आ रहे हैं। पूरे प्रदेश में कोरबा जिला ऐसा है जहां अवैध धान बिक्री के सर्वाधिक 47 मामले दर्ज किये गए हैं। राज्य शासन द्वारा धान की अवैध बिक्री के मामले के संबंध में मांगी जानकारी पर यह मामला सामने आया है।

धान खरीदी के मामले में कोरबा जिला फर्जीवाड़ा किये जाने के प्रकरण में पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। धान खरीदी की इस सीजन में 47 मामले पकड़ में आए हैं। अमिताभ जैन, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में जिला प्रशासन से जानकारी मांगी गई कि इस पर कलेक्टर द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई उससे इस मामले का खुलासा हुआ है कि धान के अवैध बिक्री के मामले पूरे छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले में सबसे ज्यादा सामने आए हैं। जिले में 65 धान उपार्जन केन्द्रों के द्वारा खरीदी की जा रही है। जिसमें कोचिए और बिचौलियों पर निगरानी के लिए समिति भी गठित की गई है। उक्त समिति में खाद, सहकारिता विभाग के अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा संभागीय स्तरीय समिति भी बनायी गई है। जिले में धान बिक्रय हेतु कटवाए गए टोकन के भौतिक सत्यापन के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये जाने के बाद जब समिति ने भौतिक सत्यापन की जांच करवायी तो मामले सामने आने लगे। जो मामले पकड़ में आए हैं उनके अनुसार नत्थूराम के नाम से 106 क्विंटलव धान, शनीराम के नाम से 240 क्विंटल, बोधीराम के नाम से 90 क्विंटल धान भौतिक सत्यापन में नहीं पाये जाने पर टोकन निरस्त किया गया। इसी प्रकार रामलाल के नाम से 180 क्विंटल धान का भौतिक सत्यापन कराया गया जिसमें 75 क्विंटल धान ही पाया गया। इसी तरह धान उपार्जन केन्द्र चचिया के निरीक्षण के दौरान जयलाल के नाम से 80 क्विंटल धान का टोकन जारी किया गया था, जो भौतिक सत्यापन में 32 क्विंटल का निकला। जिसके ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजी गई जानकारी से आया मामला सामने



## मामला तुलसीनगर प्राथमिक शाला का, संकुल प्रभारी के खिलाफ मिली हैं शिकायतें

# संकुल प्राचार्य की स्कूल में दबिश कमरे में मिली शराब की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ कलेक्टर स्कूलों की व्यवस्था सुधारने के लगातार निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर स्कूली शिक्षकों के स्कूल में ही शराबखोरी करने के मामले भी कम नहीं हो रहे हैं। दूरस्थ ग्रामीण स्कूलों की तो बात दूर है। शहर में भी शराबखोरी के मामले सामने आए हैं।

तुलसीनगर प्राथमिक शाला के सामने आए मामले के बाद स्कूल के संकुल प्रभारी और एक अन्य शिक्षक के द्वारा स्कूल में ही अवकाश के बाद शराबखोरी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थी। ऐसी ही शिकायतों पर संकुल प्राचार्य साडा कन्या के रणधीर सिंह ने जब प्राथमिक शाला तुलसीनगर में दबिश दी तो स्कूल के स्टाफ और संकुल प्रभारी का कमरा जहां संयुक्त रूप से संकुल प्रभारी व शिक्षक बैठते हैं उक्त कमरे में शराब की दो बोतलें बरामद हुई हैं। निरीक्षण में शराब की बोतलें मिलने के बाद जब मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों की महिलाओं से इस संबंध में निरीक्षण अधिकारी ने जानकारी ली तो संकुल प्रभारी व अन्य शिक्षकों के द्वारा शराबखोरी किए जाने की पुष्टि हुई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद इस तरह की हरकतों को संकुल प्रभारी संजय चंदेल व एक अन्य शिक्षक के द्वारा अंजाम दिया जाता रहा है। निरीक्षण अधिकारी संकुल के प्राचार्य ने अपनी रिपोर्ट विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंप दी है। यह भी जानकारी आई है कि स्कूल का निरीक्षण चुनाव के दौरान ही संकुल प्राचार्य द्वारा जहां कई खामियां मिली थी, स्कूल के कमरे में कचरा डंप था। शौचालय भी खराब स्थिति में थे। निरीक्षण के दौरान यह जानकारी सामने आई कि संकुल के प्रभारी द्वारा माधवी मरकाम नामक एक महिला को पढ़ाने के लिए रखा गया है। संकुल प्राचार्य ने जब उक्त महिला को बुलाकर पूछताछ की तो संकुल के प्रभारी द्वारा ही रखा जाना बताया गया। पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य को स्कूल की डेली डायरी भी अपूर्ण मिली थी, इसका भी प्रतिवेदन विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सौंपा गया है। एक दिन पूर्व हुए निरीक्षण के संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी को जानकारी ही नहीं है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी कन्या आश्रम के प्राचार्य के खिलाफ निलंबन और एफआईआर की कार्यवाही की गई है। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के सिरली हाई स्कूल के प्राचार्य के द्वारा शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत मिलने पर शिक्षा अधिकारी द्वारा उसे बीईओ कार्यालय में अटैच किया गया है। इस बीती एक माह में ही 3 मामले शिक्षकों के सामने आ चुके हैं।

**खास बात**

- पूर्व में भी निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिली थी खामियां, प्रतिवेदन पर केवल नोटिस जारी



फाइल फोटो

**नोटिस जारी की गई**

संकुल प्राचार्य के निरीक्षण के बाद जो जांच प्रतिवेदन उन्हें दिया गया था उस पर संकुल प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अब तक जवाब नहीं मिला है। संकुल प्रभारी का नाम स्वयं संकुल के प्राचार्य ने प्रस्तावित किया था। उन्हें अधिकार है संकुल प्रभारी को कार्यमुक्त करने का।

**-संजय अग्रवाल,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा

**मिली शराब की बोतलें**

तुलसीनगर स्कूल के संकुल प्रभारी के खिलाफ नशे में स्कूल आने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। एक दिन पूर्व जब निरीक्षण किया गया तब स्कूल के कमरे से शराब की दो बोतलें मिली हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले लोगों से भी पूछताछ के दौरान इसकी पुष्टि हुई है। पूर्व में भी स्कूल का निरीक्षण किया गया था। जिसमें संकुल प्रभारी द्वारा पढ़ाने के लिए एक महिला को रखा गया है। जांच प्रतिवेदन बीईओ कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है।

**-रणधीर सिंह,** संकुल प्राचार्य, साडा कन्या स्कूल

# ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, दोनों घायल



कार्रवाई करती पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी मुख्य मार्ग पर राखड़ से भरी तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पति-पत्नी समेत एक बच्ची घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही में जुट गई।

शहर के रिसदी चौराहे के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अनिता कंवर गंभीर रूप से घायल हो गई। वह अपने पति शंकर लाल कंवर और बेटी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 12 एए 1972 में सवार होकर अपने गृह ग्राम जाने के लिए निकली हुई थी। अनिता कंवर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कॉलोनी से चौराहे तक पहुंची ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- सिविल लाईन थाना क्षेत्र के रिस्दी चौक का मामला

**महिला जज ने पहुंचाया अस्पताल**

रिस्दी में घटित सड़क हादसे के दौरान एक महिला जज अपने परिवार के साथ रास्ते से गुजर रही थी। इसी दौरान महिला जज की नजर उनकी नजर सड़क किनारे घायलों पर पड़ी जिसके बाद महिला जज ने वाहन रोककर सड़क किनारे खून से लथपथ अनिता व शंकर सहित उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया।

# नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन, 12 वाहनों पर 43 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, एसडीएम कटघोरा ऋचा सिंह द्वारा गोपालपुर-जेजंरा कटघोरा मार्ग में राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों को रोककर तिरपाल का प्रयोग करने, वाहन धीमे चलाने, नशा न करके वाहन चलाने की समझाइश दी गई। अवैध डंपिंग, ओवरलोड, बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर, बिना फिटनेस के संचालित राखड़ वाहनों पर कार्यवाही की गई। पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले तथा राख़ड के सड़क पर उड़ने से आम जनता को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने राखड़ परिवहन कर रहे 12 गाड़ियों से 43 हजार रुपए की जुर्माना वसूला गया है। साथ ही 3 ओवरलोड वाहनों को कटघोरा थाने में जब्त किया गया है। संयुक्त टीम की उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



कार्यवाही के दौरान जब्त की गई वाहन।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची जेसीबी के सामने बैठी महिला, आत्महत्या की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम की तोड़ दस्ता टीम जब बुधवारी-आईटीआई मार्ग पर सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए जा रहे दुकान को तोड़ने पहुंची तो उसे लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। तोड़ू दस्ता की टीम जब सड़क किनारे निर्माणाधीन दुकान को तोड़ने लगी तो एक महिला जेसीबी के नीचे बैठ गई और आत्महत्या की धमकी देने लगी। जिसकी वजह से घंटों तक माहौल गरमाया रहा। आखिरकार महिला पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सामने बैठी महिला को हटाया गया।

शहर के वीआईपी मुख्य मार्ग बुधवारी बाजार और आसपास मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकानदारी लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं पर शनिवार को नगर निगम और पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई करने पहुंची जहां उन्हें शुरू में काफी विरोध का सामना करना पड़ा। बुधवारी मुख्यमार्ग पर कार्रवाई के दौरान ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- नगर निगम व पुलिस की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान
- बुधवारी आईटीआई मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण



जेसीबी के सामने प्रदर्शन करती महिला।

**की गई कार्यवाही**

सब्जी विक्रेताओं के कारण स्थिती काफी गंभीर हो गई थी। सड़क पर दुकानदारी के कारण लोगों को चलने में काफी समस्याएं हो रही थी। हादसों की आशंका भी काफी बढ़ गई थी, लिहाजा यह कार्वाई की गई है।

**-योगेश राठौर,** तोड़ू दस्ता प्रभारी नगर निगम

## 16 जनवरी तक मिलेगा टेंडर, 22 जनवरी को बोली की अंतिम तथि

# कटघोरा के लिथियम ब्लॉक की नीलामी शुरू, 3 कंपनियों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खान मंत्रालय ने 29 नवम्बर से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की पहली किश्त की नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी है। इसके तहत देशभर में स्थित 20 मिनरल्य ब्लॉक्स के लिए बोली लगाई जाएगी। इसमें जिले के कटघोरा-घुचापुर में स्थित लिथियम ब्लॉक भी शामिल है।

कटघोरा-घुचापुर में 256.12 हेक्टेयर में लिथियम ब्लॉक फैला हुआ है। इसमें 84.86 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड है। यहां लिथियम एंड री ब्लॉक का जी-4 सर्वे हो चुका है। सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है। महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी प्रक्रिया 29 नवम्बर से प्रारंभ की गई है। निविदा दस्तावेजों की बिक्री का कार्य 16 जनवरी तक चलेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गई है। खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड, श्री सीमेंट और अर्जेंटीना की एक फर्म ने नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया है। नीलामी से जुटाया गया राजस्व राज्य सरकार को भी मिलेगा। सूत्रों की मानें तो कटघोरा क्षेत्र में लिथियम की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया था। सौ स्क्वायर किमी क्षेत्र से 138 नमूने एकत्र किए गए थे। इन नमूनों की जांच के बाद पता चला कि यहां रेअर अर्थ एलिमेंट्स के साथ ही इससे संबंधित तत्वों की पर्याप्ता मात्रा में मौजूदगी है। यहां बताना होगा कि भारत अब लिथियम को लेकर चीन से अपनी निर्भरता पूरी तरह से खत्म करने के प्रयास में लगा हुआ है।



फाइल फोटो

**विदेशों में माइंस खरीदने की तैयारी**

साल 2019 में खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनाई गई। ये कंपनी तीन सरकारी कंपनियों को मिलाकर बनाई गई है। इसका मकसद लिथियम जैसे तत्वों को विदेशों से मंगाना है ताकि एनर्जी के क्षेत्र में देश पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सके। इसके अलावा यह कंपनी देश में भी लिथियम ब्लॉक लेकर खनन करने की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा अर्जेंटीना की एक फर्म से भी इसी दिशा में कदम है। उसके पास लिथियम का 3.32 टन से ज्यादा का भंडार है।

**आसान होगा स्वदेशी बैटरी निर्माण**

लिथियम के स्रोत पर अधिकार होने के बाद देश के अंदर ही बड़े स्तर पर बैटरी निर्माण करना आसान हो जाएगा। नीति आयोग इसके लिए एक बैट्री मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम भी तैयार कर रही है जिसे देश में ही बैटरी की गीगाफैक्ट्री लगाने वालों को छूट भी दी जाएगी। भारत में लिथियम आयन बैटरी बनने से इलेक्ट्रिक व्हीकल की कुल कीमत भी काफी कम होगी, क्योंकि बैटरी की कीमत ही पूरी गाड़ी की कीमत का लगभग 30 फीसदी होती है।

### राज्य स्तरीय अबेकस प्रतिस्पर्धा में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोरबा।** भाटागांव रायपुर स्थित बर्हमविद ग्लोबल स्कूल में राज्य स्तरीय अबेकस प्रतिस्पर्धा में युसीमास अबेकस सेंटर कटघोरा के 26 बच्चों सहित पूरे प्रदेश से करीब 700 बच्चों ने भाग लिया। छात्रों ने अबेकस की तेज और सरल विधियों का उपयोग करके 8 मिनट में विशेष रूप से तैयार किए गए 200 गणितीय प्रश्नों को हल करने का प्रयास किया। इस प्रतिस्पर्धा में 10 बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन कर जीत हासिल की। विजयी बच्चों के नाम अंशुल अग्रवाल, रिद्धि वाटवानी, अविका अग्रवाल, श्रृष्टी अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अभ्यांश गर्ग, काशवी अग्रवाल, आराध्या सोनी, अयांश अग्रवाल, मेघा वस्त्रकार शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास सूची में अनियमितता कलेक्टर को शिकायत

**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की शिकायत पत्र में ग्राम सरपंच और सचिव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस सूची में भारी अनियमितता करने, पूर्व के अन्य सदस्यों के नाम पर आवास बन जाने पर भी अपने चेहतों को आवास दिलाने उक्त आवास सूची तैयार कर अनुमोदन कर विभागीय अधिकारियों को भेजी गई है। एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्यों को आवास प्रदान करने जबकि पूर्व में परिवार के सदस्यों के नाम कर आवास बन चुका है तथा परिवार के सदस्य निवासरत है फिर भी उसी परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर पुनः आवास प्रदान करने लिस्ट जारी किया गया है। जिसे लेकर गांव के सरजू प्रसाद निषाद, लखनलाल राठौर, फत्तेसिंह राठौर, सुरेश तिवारी, दीपक, देवारी लाल, विजय कुमार, सहित राम, सुंदरलाल केंवट, सहोद्रा बाई, सावित्री बाई एवं हरीओम कंवर ने जिला कलेक्टर में आवेदन देकर उक्त आवास प्लस सूची को निरस्त करते हुए पुनः सर्वे कराकर पात्र हितग्राही को आवास प्रदान करने और नियम विरुद्ध कार्य करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### हरदीबाजार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**हरदीबाजार।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व एवं जिले के निर्देशानुसार भाजयुमो हरदीबाजार मंडल के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में किया गया। महाविद्यालय के बच्चों के द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। स्वामी विवेकानंद के विषयों पर भाषण प्रतियोगिता में चार प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान प्रतिभा कर्ष द्वितीय स्थान आंचल राठौर तृतीय स्थान मुकेश कुमार एवं लक्ष्मीबाला इन सभी ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण के माध्यम से बताया गया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर भारत में युवा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा आयोग कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश पांडे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रानू राठौर, रामशरण श्रीवास एमए, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज धुरवा, ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, कृष्णा पटेल, भाजपा युवा नेता आशीष अग्रवाल, भाजयुमो मंडल महामंत्री नरेंद्र अहीर, भाजयुमो मंडल मंत्री निखिल राठौर, युवा नेता अतुल सराफ सहित अन्य उपस्थित थे।

### भटकते कार सेवकों को डकैतों ने कराया था भोजन

# दो बार कार सेवा में गया, दूसरी बार की सेवा में ढांचे को गिरते हुए आंखों से देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अयोध्या में इस समय भगवान राम के मंदिर का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस अभियान को लेकर दो बार

**खास बात**
- राम मंदिर निर्माण को लेकर कार सेवकों ने बताया स्मरण

पूरे देश में कार सेवा निकाली गई। शहर से दोनों कार सेवा में यात्रा करने वाले अधिकांश कार सेवक भी शामिल थे। इनमें से एक भोजराम देवांगन जो 1992 की दूसरी बार की कार सेवा के वाहिनी प्रमुख थे, जिन्होंने यात्रा का स्मरण बताया।

श्री देवांगन उन दिनों की याद करते हुए कहते हैं कि राम मंदिर निर्माण के लिए दो बार कार सेवा निकाली गई। पहली कार सेवा 1990 में और दूसरी 1992 में। वे दोनों कार सेवा में शामिल थे। पहली कार सेवा में शहर से 103 लोगों ने भाग लिया था। जिनमें वे एक सामान्य कार सेवक की भांति थे और वाहिनी प्रमुख विभूति भूषण पाण्डेय थे। दूसरी बार की कार सेवा 1992 में पूरी हुई, जिसकी वाहिनी प्रमुख वे स्वयं थे। इन दोनों कार सेवा में सबसे कठिन कार सेवा 1990 वाली कार सेवा थी,



भोजराम देवांगन

जिसमें कार सेवकों को भटकना पड़ा। श्री देवांगन पहली कार सेवा के संबंध में बताया कि कोरबा शहर से 103 लोग इस यात्रा में शामिल हुए थे। उस समय उनकी उम्र 28 वर्ष थी, सभी लोग बिलासपुर-रीवा पैसेंजर से सतना पहुंचते थे और वहां तीन दिन तक राम घाट के किनारे सैकड़ों कार सेवकों को जो छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी गए थे, जिन्हें रोका गया था। तीन दिन तक उन्हें वहीं के लोगों ने खाना उपलब्ध कराया और वहां से उन्हें बस में लेजाकर ग्राम ओरन के जंगलों में छोड़ा गया। रात के समय जंगलों में भटकने के दौरान वहां के स्थानीय लोगों ने भोजन कराया और रात में ही बंदूक लेकर उनकी सुरक्षा में तैनात रहे और वहीं उन्हें कपड़े भी मुहैय्या कराया गया। वहां एक रात गुजारने के बाद आगे बढ़े तब जाकर पता चला कि उन्हें जिन लोगों ने भोजन कराया वह उस क्षेत्र के डकैत ददुआ गिरोह के सदस्य थे। यह जानकारी उन्हें बबेरू पहुंचने पर मिली, जहां सभी कार सेवकों को रोक लिया गया था। ये सब पहली यात्रा के दौरान ही घटित हुआ। यहां से गिरफ्तार कर बांदा जिले के नूतन इंटर कॉलेज में बनाए गए अस्थाई जेल में रखा गया। यहां भाजपा की तेज तर्रार नेत्री उमा भारती से भी मुलाकात हुई। श्री देवांगन कहते हैं कि उमा भारती मुंडन कराकर पैंट शर्ट की वेशभूषा में अस्थाई जेल से निकलकर सीधे अयोध्या पहुंच गई थी। दूसरी कार सेवा यात्रा के संबंध में श्री देवांगन ने बताया कि इस यात्रा में वह वाहिनी के प्रमुख थे। 1 दिसंबर 1992 को कोरबा से 200 लोगों का जत्था रवाना हुआ था। वह जमाना अखंड मध्यप्रदेश का था और सरकार भाजपा की थी। इसलिए अयोध्या तक पहुंचने में कहीं कोई रोकटोक नहीं थी। आसानी से अयोध्या स्थल पहुंच गए और सभा के दौरान अशोक सिंघल जैसे बड़े नेता मंच से संबोधित कर रहे थे। उस दौरान यह कहा गया कि सरयू नदी से रेत लेकर मंदिर स्थल में पहुंचना है, लेकिन सभा में मौजूद हजारों लोगों का मन ढांचा को गिराने का था। लिहाजा पूरी भीड़ी ढांचे की आरे बढ़ गई और देखते ही देखते बाबरी मस्जिद ढांच के पहले बनाई गई लगभग 7 फीट ऊंची दीवार को कूद गए और ढांचे में चढ़ गए। दिनभर यह दौर चलता रहा, शाम को आवाज दी गई कि ढांचा गिरने वाला है। लोग उतर जाएं, चारों तरह से यही आवाज आ रही थी, उस दौरान वे ढांचे में मौजूद थे। जानकारी मिलने पर पूरी भीड़ नीचे उतरने लगे और उनके सामने ही शाम 5 बजे के लगभग ढांचा गिर चुका था, रात भर लोग ईंट हटाते रहे। दूसरे दिन अल सुबह 4 बजे लगभग अस्थाई टेंट तैयार कर रामलला की मूर्ति स्थापित की गई और वहां से घोषणा हुई कि लोग अपने प्रदेश वापस लौट जाएं। हमारा कार सेवकों का जत्था जब कोरबा से अयोध्या के लिए रवाना हुआ था तब सरकार भाजपा की थी और जब अम लोग वापस आए तब सरकारी बर्खास्त कर दी गई थी और प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लग चुका था।

## विज्ञान के क्षेत्र में बच्चे देश का भविष्य:प्रेमचन्द



विज्ञान प्रदर्शनी में उपस्थित विधायक श्री पटेल एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

डीएवी स्कूल जेन्जरा में विधायक प्रेमचन्द पटेल के आतिथ्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा,रघुराज सिंह उइके,जिला मंत्री संजय शर्मा,उपाध्यक्ष नगर पालिका बजरंग पटेल,मण्डल कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, नेता प्रतिपक्ष छुरी देवेंद्र देवांगन,मन्नू राठौर, गंगाराम पटेल,मंच पर उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम स्कूल की प्राचार्या शुक्ला मैडम ने बताया की विद्यालय के कक्षा एल के जी से कक्षा 11 वी तक के छात्रों के द्वारा अप्रेल से लेकर दिसम्बर माह तक कि गतिविधियों व क्रियाकलापों को कला व विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है इस प्रकार की प्रदर्शनी व गतिविधियों का मूल उद्देश्य छात्रों को नई चुनौतीयों के लिए तैयार करना है साथ ही प्राचार्या द्वारा स्कूल में वाटर कूलर की कमी को देखते हुए इसे दूर करने के लिए भी विधायक से आग्रह किया। विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा निश्चित ही आज जिस प्रकार से हमारा देश विज्ञान के छेत्र में आगे बढ़ रहा है यह किसी से भी छुपा हुआ नही है जो चीजे पहले विदेशो में बना करती थी आज वो सभी चीजें हमारे वैज्ञानिकों की वजह से हमारे देश मे ही तैयार हो रही है। अभी हाल ही में हमारे वैज्ञानिकों के द्वारा मिशन चन्द्रयान का सफल परीक्षण किया जो आज तक किसी भी देश ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में इस स्कूल के छात्र भी पूरे देश मे स्कूल का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने स्कूल में वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर शिक्षिका विनीता साहू, मनीषा राजपूत,भारती जटवार, प्राची जायसवाल, प्रीति दत्ता, जया पाठक, संगीता शर्मा सहित, भाजपा कार्यकर्ता अजय दुबे, सतीश जायवाल,अनिल दुहलानी, अनुराग दुहलानी, टीकम राजपाल, डाकेश्वर शुक्ला, मनोज दुबे सहित सभी कार्यकर्ता व स्कूल के शिक्षक गण व बच्चो सहित बच्चों के पालक गन में उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण करते कलेक्टर एवं एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत बसंत एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाने के निर्देश दिए है ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी मुख्य समारोह में शामिल हो सके।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



मंचस्थ विधायक एवं अन्य अतिथि।

शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया

**खास बात**
- युवाओं के कंधे पर देश का भविष्य : प्रेमचंद

गया। शिविर के समापन अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम नकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि डी लाल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरदा, श्रवण कुमार सरपंच, सीइओ जनपद पंचायत, जिला मंत्री संजय शर्मा, मण्डल महामंत्री राजेन्द्र टण्डन, कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, विस्तारक, डॉ गोपाल गोस्वामी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य मदनमोहन जोशी ने कहा कि विकसित भारत अभियान के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य एव महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन 6 जनवरी से प्रारम्भ किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य आज के युवा वर्ग समाज से नशा मुक्ति को दूर करने के लिए क्या कर सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रेमचन्द पटेल ने बताया कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है जिस प्रकार से स्वामी विवेकानंद हमेशा से सत्य के मार्ग पर चलते रहे व सभी को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया आज जिस प्रकार से इस भागमभाग जिंदगी में युवा वर्ग को नशा ने जकड़ा हुआ है जबकि देश का भविष्य आज युवा पीढ़ी के कंधों पर टिका हुआ है उसे इस गम्भीर बीमारी को दूर करना अतिआवश्यक है। जिसके लिए महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक व नाटकीय आयोजन के माध्यम से नशा से युवा वर्ग को दूर करने के लिए सुंदर आयोजन किये जा रहा है निश्चित ही सराहनीय है। अंत में शाला प्रबंधन के द्वारा मुख्य अतिथि को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवदयाल पटेल, कार्यक्रम इकाई महिला प्रतिमा कंवर, जयपाल यादव, महेंद्र यादव, राधेलाल पटेल, गुलाब दास, दिनेश कुमार, रामपाल, चमार सिंग, चन्द्रशेखर सहित सभी ग्राम वासी व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बच्छे उपस्थित रहे।

## अनुशासन में रहकर दूसरों को भी प्रेरित करें : शुक्ला



स्काउट्स गाईड को प्रमाण पत्र देते एसपी श्री शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भारत स्काउट एवं गाइड कोरबा जिला का चार दिवसीय शिविर एवं जिला रैली का समापन शनिवार को

**खास बात**
- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के चार दिवसीय जिला रैली का हुआ समापन

कटघोरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में हुआ। इस शिविर में जिले के पांच ब्लॉक कटघोरा, पोंडी उपरोड़ा, पाली, कोरबा तथा करतला के 325 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद शुक्ला अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। शिविर में स्काउट एवं गाइड के प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रतोयोगिता का आयोजन किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद शुक्ला ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड से देशप्रेम की भावना मजबूत होती है। बच्चों को नवीन ज्ञान प्राप्त होता है। बच्चों में अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना का विकास होता है। बच्चों की प्रतिभा विकसित होती है। स्काउट एवं गाइड के बच्चों को पहले स्वयं को अनुशासन में चलते हुए दूसरों को अनुशासन सिखाना चाहिए तथा शिविर के माध्यम से बच्चों के लिए यह अभिव्यक्ति क्षमता एवं आन्तरिक गुणों को प्रदर्शित करने का एक खूबसूरत मंच है।स्काउट एण्ड गाइड से बच्चों को ढेर सारी नवीन क्रियाकलापों की जानकारी मिलती है।

## निष्ठा सच्ची तो देवता आपकी साधना भंग नहीं कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रवचन करते भगवतार्चा एवं श्रवण करती महिलाएं।

सर्व देव शिव मंदिर साडा कालोनी में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा में प्रयागराज से विराजे श्रीमज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य जी महाराज ने चतुर्थ दिवस पर भगवान शिव पार्वती का विवाह प्रसंग के संबंध में उन्होंने बताया कि जब शिव और पार्वती का विवाह होने वाला था, तो एक बड़ी सुंदर घटना हुई। उनकी शादी बहुत ही भव्य हो रही थी। इससे पहले ऐसी शादी कभी नहीं हुई थी। शिव जी जो दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे - एक दूसरे प्राणी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। उनकी शादी में बड़े से बड़े और छोटे से छोटे लोग शामिल हुए। सभी देवता तो वहां मौजूद थे ही, साथ ही असुर भी वहां पहुंचे। आम तौर पर जहां देवता जाते थे, वहां असुर जाने से मना कर देते थे और जहां असुर जाते थे, वहां देवता नहीं जाते थे। स्वामी घनश्यामाचार्य जी ने बताया कि शिव पशुपति हैं, मतलब सभी जीवों के देवता हैं, तो सारे जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव उनकी शादी में उपस्थित हुए। यहां तक कि भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी उनके विवाह में मेहमान बन कर पहुंचेउनकी आपस में बिल्कुल नहीं बनती थी। मगर यह तो शिव का विवाह था, इसलिए उन्होंने अपने सारे झगड़े भुलाकर एक बार एक साथ आने का मन बनाया। कथा में मुख्य जजमान दसरथ शर्मा, के साथ साथ सुरेश अग्रवाल,बेला गायधने, माया विनोद अग्रवाल,संगीता पालीवाल, बी एम दुबे,अशोक सींग,प्रमोद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर नव पदस्थ कलेक्टर अजीत बसंत से मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं संघ ने दी। विकास कार्यों में संघ का सहयोग प्रशासन को सदैव मिलता रहेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, जिला कोरबा के अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय नेताम, तथा कोसा अध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, संयोजक तपेश्वर राठौर उपस्थित थे।

***कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आगामी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने जा रहे कार्यक्रम हेतु 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

## पृष्ठ 3 का शेष

### अवैध धान बिक्री...

टोकन निरस्त किया गया। कुल 569 क्विंटल धान के टोकन निरस्त किए गए हैं। धान उपार्जन केन्द्र जवाली में गोरेलाल 20 बोरी धान उपार्जन केन्द्र में, इसी तरह रामपुर में सुखमती बाई के नाम पर 32 बोरी एवं राजाराम के नाम से 60 बोरी धान, जगलाल के नाम से 20 बोरी धान, लाफा धान खरीदी केन्द्र में गोपाल सिंह के नाम से 20 बोरी धान, पोड़ी धान खरीदी केन्द्र से इंद्रजीत कंवर का 29 कट्टा धान एवं आर्थिकलाल का 38 क्विंटल धान, सुरसजी के नाम से 11 बोरी, कुंजबिहारी के नाम से 17 बोरी धान बिक्री में लाए गए थे, जो भौतिक सत्यापन के दौरान टोकन के आधार पर सही नहीं पाये गए। कुल 358 बोरी धान के टोकन निरस्त किए गए हैं। जिसकी रिपोर्ट सभी नोडल अधिकारियों द्वारा प्रशासन को दी गई है।

### ट्रेलर ने बाइक...

ही थी कि बालको की तरफ से आ रहे राखड़ लोड ट्रेलर हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीएच 8313 ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक चालक शंकर लाल कंवर अनिता कंवर और उसकी बेटी मौके पर गिर पड़े। दुर्घटना में अनिता का एक पैर बुरी तरह से फेक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हादसे की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की। थाना प्रभारी किरण गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की गई। रिसदी क्षेत्र के निवासी राजू बरेठ ने राखड़ ट्रांसपोर्ट करने वाले वाहनों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन कारणों से ही लगातार दुर्घटना हो रही है और लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### अतिक्रमण हटाने...

एक महिला ने जमकर हंगामा मचाया। घर के बाहर अतिरिक्त अतिक्रमण कर दुकान बनाया जा रहा था जिसे तोड़ दस्तक टीम तोड़ने पहुंची हुई थी जहां महिला जेसीबी मशीन के नीचे बैठ गई। महिला का तमाशा घंटों तक चलता रहा। महिला पुलिस स्टाफ को बुलाकर उसे हटाया गया और अतिक्रमण ढहाया गया। इसके बाद नगर निगम की टीम बुधवारी बाजार कार्रवाई करने पहुंची। सब्जी विक्रेताओं के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी लिहाजा नगर निगम की टीम शनिवार को बुधवारी पहुंची और कार्रवाई करते हुए सब्जी विक्रेताओं को बाजार के भीतर भेज दिया। मुख्य सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगाकार यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सब्जी विक्रेताओं को नगर निगम की टीम ने बुधवारी बाजार के भीतर व्यवस्थित कर दिया है। नगर निगम के पास पिछले लंबे समय से शिकायत आ रही थी, जिसके आधार पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और सभी को बाजार के भीतर शिफ्ट करवा दिया। इस दौरान मौके पर काफी विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। नगर निगम की टीम ने इससे पहले भी कई बार कार्रवाई की थी बावजूद इसके सब्जी विक्रेता फिर से सड़क पर अपनी दुकानदारी शुरु कर देते थे। देखने वाली बात होगी कि इस कार्रवाई के बाद व्यवस्था सुधर पाती है कि नहीं।

## लेवल अप अकादमी के खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना

**कोरबा।** 23वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर के सरकंडा स्थित ज़िला खेल परिसर में 13 जनवरी से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। सचिव ज़िला कराते संघ प्रेमराज बंजारे ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में ज़िले से 56 खिलाड़ी रवाना हुए, जिसमें रिया श्रीवास, आर्य गौरी सिंह, आस्विता पांडेय, जसमीत कौर, आर्य सेठी, आयुष्य पांडा, जिया सिंह, अनोखी खरे, केजल साहू, दीक्षा सिन्हा, अद्वितीय यादव, रेयांश यादव, नेवान आर पिल्लै, शौर्य साहू, जॉनसन एक्का, प्रणव कुमार निर्मलकार, उज्जवल पंडित, लखन साहू, आराध्य सोनी, अक्षत पांडेय, लोमेश सिन्हा, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, दीपांश यादव, प्रज्वाल, रोहन श्रीवास, अयॉन्श राठौर, वेद प्रकाश पैकरा आदि शामिल थे।

कोरबा मार्केट







BJP
मा. गिरिराज सिंह जी
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार
के रामपुर विधानसभा के
ढोंगदरहा पंचायत में आयोजित
विकसित भारत संकल्प यात्रा
कार्यक्रम में पधारने पर
जोहार अभिनंदन...
रामकुमार गबेल
जिला संयोजक (सहकारिता प्रकोष्ठ)
टिकेश्वर सिंह राठिया
जिला महामंत्री

## खबर संक्षेप



### रासेयो ने युवा संवाद व विभिन्न प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज के रेड रिबन क्लब राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा युवा संवाद, परिचर्चा, निबंध, पोस्टर, क्वीज, लोकसंस्कृति से ओतप्रोत समूह नृत्य, एक्टिविटी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर युवा उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. आरबी शर्मा, पिरामल फाउंडेशन गांधी फेलोशिप से डिस्ट्रिक्ट लीडर मोहम्मद अहमद एवं टीम, यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रथमेश मानेकर, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. बीएल साय, डॉ.धनेश्वरी दुबे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.बी.एस. राव, डॉ.पूर्णिमा साहू, रितु सिन्हा, रेडक्रॉस प्रभारी अमोला कोर्राम, बलराम कुर्रे, इको क्लब प्रभारी सुशील कुमार अग्रवाल, राजकुमार शाह, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल एवं मधु कंवर, बांकीमोंगरा कॉलेज से सहायक प्राध्यापक भुनेश्वर कंवर, पिरामल फाउंडेशन से ऐश्वर्या सिंह, अभिनव पांडे, मोहम्मद जुनून, वर्षा टोप्पो, पूजा बाघमारे, शांति महंत, महाविद्यालय के प्राध्यापक, ऑफिस स्टॉफ, स्वयंसेवक निखिल, हुमांशु का योगदान रहा।

### हरदीबाजार कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ. डीपी बिसेन एवं भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि शर्मा के द्वारा लुमिनेसेंट मैटेरियल्स पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। प्रोफेसर बिसेन ने लुमीनेंस की विशेषताओं और उनके दैनिक जीवन में अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि लुमिनेसेंट मैटेरियल्स के उपयोग से आधुनिक जीवन में स्मार्ट टेक्नोलॉजी की कल्पना की जा सकी। स्मार्ट टीवी, एंड्रॉयड स्मार्टफोन लॉन्च किया जाने लगा। डॉ. रवि शर्मा ने छात्र छात्राओं को भौतिक विज्ञान के शुरुवात कैसे हुई इसके में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केके दुबे ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सभी छात्र छात्राओं ने अतिथि विद्वान से अपने कैरियर, प्रतियोगी परीक्षा और भविष्य में शोध कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने छात्र छात्राओं को अपने कैरियर हेतु जागरूक देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार डॉ. शशांक शर्मा ने किया।

### सीए एसोसिएशन की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता

**कोरबा।** सीए एसोसिएशन ने 6 और 7 जनवरी को राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन किया, इसमें प्रदेश के इस प्रतियोगिता में भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, और कोरबा की टीमें शामिल हुई, जिनमें करीब 150 से ज्यादा सीए उपस्थित रहे। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल कोरबा के निर्देशक आशीष अग्रवाल, एनटीपीसी, भजंका सेवा समिति, डी वी प्रोजेक्ट्स, पार्वती शॉपिंग मॉल, विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, शंकर ब्रदर्स, स्वास्तिक मशीनरी वर्क्स, भारत केमिकल्स, गोकुल धाम मैरिज हॉल, रॉयल एवेन्यू, और अन्य प्रायोजकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। पहले दिन का कार्यक्रम इंडोर गेम्स के साथ शुरू हुआ, जिसमें कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, चेनिकस चेकर्स, बैडमिंटन और बॉक्स क्रिकेट की स्पर्धा हुई। दूसरे दिन एनटीपीसी के मानसरोवर खेल परिसर में क्रिकेट और वॉलीबॉल का मुकाबला हुआ, जिसमें सभी विजेता और उपविजेता को पुरस्कार दिए गए।

### मारपीट व लूट के फरार आरोपी की तलाश जारी

**कोरबा।** पॉममाल में दो युवकों ने मारपीट के बाद लूट की घटना को अंजाम दे दिया। मामला पुलिस में पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। वे एक साल तक लगातार पुलिस को चकमा देते आ रहे थे। आखिरकार पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत कोर्ट में पेश किया गया। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत डीडीएम रोड निवासी सुदामा कलवानी 25 वर्ष निवास करता है। वह अपने साथी साकेत सिंह के साथ 24 दिसंबर 2022 की रात पॉम माल स्थित ओएनसी आया हुआ था। जहां देर रात किसी बात को लेकर पॉम माल में उनका विवाद हो गया। उनके खिलाफ जयंत दत्ता ने मारपीट व दो हजार रूपए लूट की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी। मामले में जुर्म दर्ज होने की खबर मिलते ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस लगातार खोजबीन करती रही, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नही मिला। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने फरार आरोपियों के धरपकड़ का निर्देश जारी किया है।

## निधन

### हेमलता वैष्णव

**कोरबा ।** ग्राम गिधौरी (भैसमा) निवासी विमल दास वैरागी की धर्मपत्नी हेमलता वैष्णव (52 वर्ष) का दिनांक 12 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

## निजी बस ऑपरेटर सहित सिटी बस का संचालन रात में बंद

# रेलवे स्टेशन से रात में ऑटो के अलावा कोई यात्री सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक शहर कोरबा में यात्री सुविधाओं को लेकर कोई बड़ी योजना नहीं बन पा रही है। शहर के रेलवे स्टेशन से रात में यात्री सुविधा के नाम पर केवल ऑटो ही मिलती है। निजी बस ऑपरेटर और सिटी बस का संचालन भी रात के समय रेलवे स्टेशन से नहीं हो रहा है। यही कारण है कि रात को आने वाली यात्री गाड़ियों से शहर आने वाले लोगों को उनके परिजन ही लेने पहुंचते हैं या फिर ऑटो के महंगे किराए के सहारे घर पहुंचते हैं।

**खास बात**

- मनमानी किराया वसूली से यात्रियों को होती है परेशानी

यात्री सुविधाओं को लेकर एक तरफ रेल संघर्ष समिति चरणबद्ध आंदोलन करती है, लेकिन वहीं दूसरी ओर आम शहरवासियों को रेलवे स्टेशन से सस्ती सुलभ यात्री सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में न तो जिला प्रशासन कोई कदम उठाया है और ना ही निगम प्रशासन ने कोई योजना बनाई है। आज स्थिति यह है कि दो यात्री गाड़ियां रात के समय बिलासपुर से शहर पहुंचती है। जिनमें एक 8.30 बजे तो वहीं दूसरी रात 11.15 बजे। दोनों ही यात्री गाड़ियों से आने वाले यात्रियों को अपने ठिकानों तक पहुंचने के लिए ऑटो की सुविधा ही मिलती है। रात के समय इनका किराया भी मनमानी रहता है, जबकि दिन में किराए को लेकर आम यात्रियों को राहत भी रहती है। वहीं रात में दोगुना किराया लिया जाता है। यात्रियों की परेशानियों के मद्देनजर नगर पालिक निगम अर्बन सोसायटी द्वारा चलाई जा रही सिटी बस की सुविधा भी अब बंद होने की स्थिति में आ गई है। जब दिन के समय ही सिटी बस शहर के प्रमुख उपनगरीय मार्गों में नहीं चल रही है। ऐसे में रात के समय रेलवे स्टेशन से सिटी बस का मिलना एक स्वप्न की भांति लगता है। यात्रियों की इस परेशानी को लेकर न तो जनप्रतिनिधियों को लेना देना है और न ही निगम व जिला प्रशासन को। यही कारण है कि परेशान हो रहे यात्रियों को राहत देने के संबंध में कोई बड़ी योजना नहीं उठाई गई।


रेलवे स्टेशन में देर रात लगी यात्रियों की भीड़।

**बनी थी प्रीपेड ऑटो सिस्टम की योजना**

शहर के रेलवे स्टेशन में यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रीपेड ऑटो सिस्टम की योजना दो वर्ष पूर्व बनाई थी लेकिन आज तक यह योजना अमल में नहीं आ सकी। योजना को लेकर प्रशासन स्तर पर लगातार अधिकारियों के बदलने के कारण किसी तरह का कामकाज नहीं हुआ। यातायात विभाग ने भी अपनी ओर से प्रीपेड ऑटो सिस्टम की तैयारी की थी। यहां भी प्रभारियों के बदलने के कारण योजना धरी की धरी रह गई और आम लोग ऑटो के महंगे किराए में सफर करने मजबूर हैं।

**परिजन पहुंचते हैं लेने**

रेलवे स्टेशन में रात के समय जो यात्री गाड़ी 11 पहुंचती है उसमें से आने वाले यात्रियों को लेने के लिए उनके परिजन रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कतें उप नगरीय क्षेत्र के यात्रियों के लिए होती है। उनके परिजनों को रेलवे स्टेशन आना पड़ता है उसी तरह शहरी क्षेत्र में भी जो रेलवे स्टेशन से दूर स्थित हैं वहां के यात्रियों को भी अपने परिजनों को रेलवे स्टेशन बुलाना पड़ता है। पिछले लंबे समय से इसी तरह की स्थिति यात्रियों और उनके परिजनों के बीच बनी हुई है।

# 9 बिजली खंभों की चोरी विद्युत आपूर्ति ठप


चोरों द्वारा काटा गया बिजली का खम्भा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चोरों का आतंक इस कदर हावी है कि विद्युत आपूर्ति के लिए लगाये गए विद्युत पोल को भी नहीं बख्श रहे हैं। चोरों ने डंगनियाखार 11 केवी के 9 खंभों को पार कर दिया है। वहीं दूसरी ओर अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि जिले में चोरी के मामले में लगातार इजाफा हो रहा है। आये दिन खदानों में चोरी की वारदात सामने आ रही है जिसपर अब तक पूर्णरूप से अंकुश नहीं लगाया जा सका है। जिस तरह से मुस्तैदी दिखाई गई है। उससे खदान में चोरी की वारदातों में कमी आई है पर कहते है चोर चोरी से जाए पर हेराफेरी से न जाए। इस कहावत को चरितार्थ करता एक घटना शुक्रवार की रात को लगभग एक बजे सामने आई। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने चोरी करने के लिए अब सीएसईबी विद्युत विभाग को निशाने पर ले लिया है। बीती रात कुछ अज्ञात चोरों ने विभाग के द्वारा विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए। डंगनियाखार में 11केवी के 9 पोल को गैस कटर से काट कर चोरी कर ली है। पोल चोरी किये जाने से दर्री से आपूर्ति होने वाले भैरोताल सबस्टेशन के विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है। बीते रात के लगभग 1 बजे से विद्युत का प्रवाह बंद हो गया है। जिसकी जानकारी विभाग के लोगों को सुबह होने पर हुई और मामले की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई है। अधिकारियों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस से शिकायत दर्ज नही कराई है। विभाग की इस उदासीनता का खामयाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। रात से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आम लोगों को विभिन्न परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। वहीं चोर लोहे के पोल की चोरी कर अपने मनसूबों को पूरा कर रहे हैं। चोरी की रिपोर्ट नहीं किये जाने से चोरों के मंसूबे बढ़ जाएंगे। और उनके हौसले बढ़ने से पुनः पोल चोरी करने में चोर हिचकिचाएंगे नहीं।

# त्रिपक्षीय वार्ता विफल, 15 को कुसमुंडा में खदानबंद आंदोलन होना तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग किसान सभा व रोजगार एकता संघ द्वारा लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण की मांग को लेकर खदानबंदी आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद कुसमुंडा प्रबंधन ने खदानबंदी आंदोलन को टालने भूविस्थापितों की बैठक बुलाई। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय नहीं निकालने पर भूविस्थापितों ने प्रबंधन के खदान बंद नहीं करने के प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज कर दिया और बैठक छोड़कर बाहर चले गए। भूविस्थापितों ने चेतावनी दी है कि मांगों को लेकर 15 जनवरी को खदानबंदी आंदोलन किया जाएगा।

**खास बात**

- सकारात्मक निर्णय नहीं निकलने पर भूविस्थापितों ने बैठक का किया बहिष्कार

उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर 2021 को लंबित प्रकरणों पर रोजगार देने की मांग को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र में 12 घंटे खदान जाम करने के बाद एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दस से ज्यादा गांवों के किसान 803 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं। इस आंदोलन के समर्थन में छत्तीसगढ़ किसान सभा शुरू से ही उनके साथ खड़ी है। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव, रघु यादव, सुमेन्द्र सिंह कंवर ने कहा कि भू विस्थापितों को बिना किसी शर्त के जमीन के बदले रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय के सामने बैठक कर नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में भू विस्थापित किसान एकजुट हुए भू विस्थापितों ने कहा की 15 जनवरी को कुसमुंडा खदान बंद में प्रभावित गांव के हजारों पीड़ित भूविस्थापित परिवार सहित शामिल होंगे इस बार समस्याओं के समाधान तक अनिश्चितकालीन खदान बंद आंदोलन होगा। बैठक में मोहन यादव, बृजमोहन, जय कौशिक, दीननाथ, जय कौशिक, फिरतलाल, उत्तम दास, जितेंद्र, होरीलाल, अनिल बिंझवार, हेमलाल, हरिहर पटेल, कृष्णा, फणींद्र, अनिरुद्ध, चंद्रशेखर, गणेश, सनत सहित अन्य भूविस्थापित उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित एसईसीएल के कर्मचारी एवं भूविस्थापित।

# 12 लोगों से 103 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 13 लोगों से कुल 103 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

**खास बात**

- अवैध शराब विक्रय और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी

जिले के सभी थाना, चौकी में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर एवं अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी है। गांव में थाना प्रभारियों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब की सूचनाएं देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। 12 जनवरी को थाना पाली के ग्राम मखनपुर उरांवपारा, पड़ापखना, थाना कटघोरा के मटन मार्केट के पास पूछापारा, मानपुर स्कूल के पास, थाना दीपका के ग्राम रंजन, थाना बालको क्षेत्र के डुग्गूपारा, पाड़ीमार, लालघाट शिव मंदिर के पास में संबंधित थाना, चौकी की टीम के द्वारा रेड किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया है। साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने 13 व्यक्तियों से कुल 103 लीटर महुआ शराब जप्ती की गई है। पुलिस ने 13 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।


पुलिस गिरफ्त में अवैध शराब बचने के पकड़े गए आरोपी।

### 7 आरोपियों से 37 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** थाना तमनार की टीम द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। तमनार पुलिस ने कुल 7 मामलों में 37.5 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कुल शराब की कीमत करीब 7500 रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक कल शाम तमनार पुलिस अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए मुखबीरों से जानकारी लेकर ग्राम कठरापाली, कोड़केला, खम्हरिया, गोढी, दर्रीपारा, उरबा, मिलूपारा और तमनार सिदार पारा रवाना हुई।

# डॉयल 112 को गुमराह करना शराबी युवक को पड़ा भारी, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों एवं जरूरतमंद लोगों को घर पहुंच पुलिस सेवा उपलब्ध कराने हेतु डायल 112 पुलिस सेवा का गठन किया गया है, जिससे राज्य के लाखों लोगों को डायल 112 पुलिस सेवा द्वारा समय पर तत्काल जरूरी सेवाएं प्रदाय की जा रही है। 10 जनवरी को पुलिस थाना पसान क्षेत्र में डायल 112 टीम को जरूरी सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर कार्यवाही हेतु डायल 112 टीम के ग्राम लैंगा पहुंचने पर लैंगा निवासी राकेश ठाकुर पिता प्रताप सिंह उम्र 29 साल निवासी ग्राम लैंगा थाना पसान के द्वारा शराब के नशे में डायल 112 कर्मचारियों के साथ वाद विवाद करते हुए गलत सूचना देकर गुमराह किया गया था जिसके विरुद्ध धारा 151, 107, 116 (3) जाफौ के तहत कार्यवाही कर उप जेल कटघोरा में दाखिल किया गया है।



### जिले के स्काउट्स गाइड्स को मिला राज्यपाल पुरस्कार




**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन राजभवन में किया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के कर कमलों से 2022- 23 शैक्षिक सत्र के राज्यपाल पुरस्कार के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्काउट लोकेश कुमार यादव (निर्मला स्कूल, कोसाबाड़ी), गाइड पूनम (शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली), रोवर करन कोसले (राजीव गांधी ओपन रोवर क्रू, दीपका), रेंजर रीना साहू (रानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम, कोरबा) ने सयुंक्त रूप से कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यपाल के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किया।




# परीक्षा परिणाम में सुधार लाने कलेक्टर ने प्राचार्यों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने शनिवार को जिले में संचालित समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्या की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा गुणवत्ता मूलक सलेक्टिव स्टडी पर ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने व्याख्याताओं सहित भृत्य, सफाई कर्मियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए।


कलेक्टर।

बैठक में कलेक्टर ने गतवर्ष की हाईस्कूल स्तर के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए औसतन कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों पटपरा, पाली, पीडब्ल्यूडी रामपुर, भिलाईबाजार एवं गोढ़ी के प्राचार्या को परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्राचार्यों को कमजोर बच्चों को कोचिंग एवं विशेष कक्षा संचालित कर शतप्रतिशत परीक्षाफल लाने का प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित विद्यालयों में व्याख्याताओं के रिक्त पद पर स्थानीय मद डीएमएफ से अतिथि व्याख्याताओं की अंशकालीन सेवा लेने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज को निर्देशित किया और कहा कि विद्यालयों के रिक्त पदों की जानकारी मंगवाकर निर्धारित मापदण्ड (दर्ज संख्या) अनुसार संस्थावार रिक्त पदों की जानकारी दें। आगामी सत्र मे किसी भी विद्यालय का अध्यापन व्याख्याताओं की कमी से प्रभावित ना हो।

